रजिस्टर्ड सं० (डी)-73 REGISTERED NO (D)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 28] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 13, 1974/आषाढ़ 22, 1896
No. 28] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 13, 1974/ASADHA 22, 1896

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किये गए साधारण नियम जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित है।

General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

मंत्रिमंडल सचिवालय

कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग

(प्रशासनिक सुधार)

नई दिल्ली, 27 जून, 1974

सा० का० नि० 721.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रशासनिक सुधार विभाग (वर्ग 3 और वर्ग 4) भर्ती नियम, 1968 में और संशोधन करने के लिए, एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम प्रशासनिक सुधार विभाग (वर्ग 3 और वर्ग 4) भर्ती (संशोधन) नियम, 1974 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. प्रशासनिक सुधार विभाग (वर्ग 3 और वर्ग 4) भर्ती नियम, 1968 में,

(i) नियम 5 के लिए निम्नलिखित प्रतिस्थापित होगा, अर्थात्:—

"5. निरर्हताएं: वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या पत्नी जीवित है, विवाह किया है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद में रिक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यह कि यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विभाग के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी"।;

(ii) नियम 6 के पश्चात्, निम्नलिखित नियम अन्तःस्थापित होगा, अर्थात्:—

"7. व्यावृत्ति: इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में समय-समय पर निकाले गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है।"

(iii) अनुसूची में,

(i) स्तम्भ 1 में, "दफ्तरी" के शब्द के लिए, "दफ्तरी/जमादार" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे;

(ii) दफ्तरी के पद के सामने स्तम्भ 2 में अंक "4" के लिए, अंक "5" प्रतिस्थापित किया जाएगा;

(iii) जमादार के पद से सम्बन्धित प्रविष्टियों का लोप किया जाएगा।

[सं० ए-12018/1/74-प्र०]
एम० एल० सम्पथकुमारन,
अवर सचिव

CABINET SECRETARIAT

(Department of Personnel and Administrative Reforms)

(Administrative Reforms)

New Delhi, the 27th June, 1974

G.S.R. 721.—In exercise of the powers conferred by proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Department of Administrative Reforms (Class III and Class IV) Recruitment Rules, 1968, namely:—

1. (1) These rules may be called the Department of Administrative Reforms (Class III and Class IV) Recruitment (Amendment) Rules, 1974.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Department of Administrative Reforms (Class III and Class IV) Recruitment Rules, 1968,

(i) for rule 5, the following rule shall be substituted, namely:—

"5. Disqualifications.—No person,—

(a) who has entered into, or contracted, a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into, or contracted, a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to any of the said posts:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such persons and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule".;

(ii) after rule 6, the following rule shall be inserted, namely:—

"7. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard".;

(iii) in the Schedule,

(i) in column 1, for the word "Daftry", in column 1, the words "Daftry/Jamadar" shall be substituted;

(ii) for the figure "4" in column 2 against the post of Daftry, the figure "5" shall be substituted;

(iii) the entries relating to the post of Jamadar shall be omitted.

[No. A-12018/1/74-Admn.]
M. L. SAMPATHKUMARAN, Under Secy.

नई दिल्ली, 27 जून, 1974

सा० का० नि० 722.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा इस सम्बन्ध में समर्थ बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा नियम, 1969 में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात :—

1 (1) इन नियमों का नाम केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा (तीसरा संशोधन) नियम, 1974 है।

(2) ये नियम 8 अप्रैल 1973 से प्रवृत्त हुए समझे जाएंगे।

2 केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा नियम 1969 के नियम 20 में उप-नियम (1) के नीचे की चयन ग्रेड से सम्बन्धित टिप्पणी को हटा दिया जाएगा।

व्याख्यात्मक ज्ञापन

नियम 20 के उपनियम (1) के नीचे की टिप्पणी केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड 1 के ऐसे अधिकारियों द्वारा, जिन्हें ग्रेड-1 में में छ वर्षों की अनुमोदित सेवा पूरी करने से पहले ही चयन ग्रेड में पदोन्नत किया गया था, चयन ग्रेड में वेतन वृद्धियां लिए जाने के सम्बन्ध में एक प्रतिबन्धात्मक व्यवस्था है। तृतीय वेतन आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के स्वीकार किए जाने, वेतनमानों में संशोधन किए जाने और पदोन्नति के लिए पात्रता की अवधि को 6 वर्ष से घटा कर 3 वर्ष किए जाने के बाद इस प्रकार के प्रतिबन्धात्मक रखने की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती। तदनुसार यह निर्णय किया गया है कि इस प्रतिबन्धात्मक शर्त को 8 अप्रैल, 1973 जोकि केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-1 के अधिकारियों के सबसे पहले बैच की चयन ग्रेड में पदोन्नति के लिए पात्रता की तारीख है, से हटा दिया जाए। तदनुसार, केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा (तीसरा संशोधन) नियम, 1974 को 8 अप्रैल, 1973 से भूतलक्षी प्रभाव से लागू किया जा रहा है। यह प्रमाणित किया जाता है कि इस अधिसूचना के भूतलक्षी प्रभाव से लागू किए जाने से किसी भी व्यक्ति के हितों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

[सं० 10/1/74 के० से० 2]
के० बी० नायर,
अवर सचिव

New Delhi, the 27th June, 1974

G.S.R. 722.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and all other powers enabling him in this behalf, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Secretariat Stenographers' Service Rules, 1969, namely:—

1. (1) These rules may be called the Central Secretariat Stenographers Service (Third Amendment) Rules, 1974.

(2) They shall be deemed to have come into force on the 8th day of April, 1973.

2. In the Central Secretariat Stenographers Service Rules, 1969, in rule 20, the Note below sub-rule (1) relating to Selection Grade shall be omitted.

EXPLANATORY MEMORANDUM

The note below sub-rule (1) of rule 20 contained a restrictive provision regarding drawal of increments in the Selection Grade by Grade I officers of the Central Secretariat Stenographers Service who were promoted to the Selection Grade before putting in six years of approval service in Grade I. After the revision of pay-scales consequent on the acceptance of the recommendations made by the 3rd

Pay Commission and the reduction of the eligibility period for promotion from 6 years to 3 years, the need for such a restrictive clause no longer exists. It has accordingly been decided to remove this restrictive condition from the 8th April, 1973, which is the date on which the first batch of Grade I officers became eligible for promotion to the Selection Grade of the Central Secretariat Stenographers Service. Accordingly the Central Secretariat Stenographers Service (Third Amendment) Rules, 1974 are being given retrospective effect from the 8th April, 1973. It is certified that the interests of no one will be prejudicially affected by the retrospective effect given to the notification.

[No. 10/1/74-CS-II]

K. B. NAIR, Under Secy.

नई दिल्ली, 27 जून, 1974

सा० का० नि० 723.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी, में सीनियर गेस्टेटनर आपरेटर के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने के लिये एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. संक्षिप्त शीर्षक तथा प्रारम्भ.—(1) इन नियमों का नाम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (सीनियर गेस्टेटनर आपरेटर) भर्ती नियम, 1974 है।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2. पद संख्या इसका वर्गीकरण, वेतनमान, भर्ती की पद्धति आयु सीमा और अर्हताएं आदि

उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण तथा उसका वेतनमान, भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और इस से सम्बन्धित अन्य मामले संलग्न अनुसूची के कालम 2 से 13 तक में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार होंगे।

3. अनर्हता—ऐसा कोई भी व्यक्ति—

(क) जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो या विवाह का समझौता किया हो जिसकी पत्नी/जिसका पति जीवित हो अथवा

(ख) जिसने अपनी पत्नी/पति के जीवित रहते किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो या विवाह का करार किया हो उक्त पद पर नियुक्त नहीं किया जा सकेगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार संतुष्ट हो कि ऐसे व्यक्ति पर और विवाह करने वाले दूसरे पक्ष पर लागू होने वाली स्वीय विधि के अन्तर्गत इस प्रकार के विवाह की अनुमति दी जा सकती हो और ऐसा करने के अन्य आधार भी हों तो वह किसी भी व्यक्ति को इस नियम के बन्धन से छूट दे सकती है।

4 छूट देने की शक्ति—जहां केन्द्रीय सरकार का यह मत हो कि छूट देना आवश्यक या उचित है तो लिखित कारणों के आधार पर आदेश द्वारा किसी भी श्रेणी या वर्ग के व्यक्तियों को इन नियमों के किसी भी उपबन्ध से छूट दे सकती है।

5 व्यावृत्ति—इन नियमों की किसी भी बात द्वारा उन आरक्षणों तथा रियायतों पर कोई असर नहीं पड़ेगा जो केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर इस संबंध में जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों तथा अन्य विशेष वर्गों के व्यक्तियों को दिये जाने आवश्यक हैं।

अनुसूची

लाल बहादुर शास्त्री, राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी के पद के भर्ती नियम

पद का नाम	पद की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद या गैर चयन पद	सीधी भर्ती के लिए आयु सेवा सीमा	सीधी भर्ती के किए जाने वालों के लिए शैक्षिक तथा अन्य अपेक्षित अर्हताएं
1	2	3	4	5	6	7
सीनियर गेस्टेटनर आपरेटर	एक	सामान्य केन्द्रीय सेवा श्रेणी-III अलिपिक वर्गीय अराजपत्रित	रु० 110-3-131	गैर चयन	21 से 25 वर्ष के बीच	(1) मैट्रिकुलेशन पास होना चाहिए, (2) सरकारी/अर्द्धसरकारी कार्यालयों में कम से कम तीन वर्ष का गेस्टेटनर ऑपरेटर का अनुभव हो।

क्या सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए निर्धारित आयु तथा शैक्षिक योग्यताएं पदोन्नति व्यक्तियों के संबंध में भी लागू होंगी	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो।	भर्ती पद्धति, सीधी भर्ती से अथवा पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण से तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत	पदोन्नति/स्थानान्तरण से भर्ती किए जाने पर उन श्रेणी के ग्रेड जिनसे पदोन्नति/स्थानान्तरण किए जाने है	यदि विभागीय पदोन्नति समिति विद्यमान है तो इसका गठन क्या है।	विभागीय परिस्थितियां जिनसे भर्ती करने में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना है।
8	9	10	11	12	13
नही	2 वर्ष	पदोन्नति द्वारा, इसके न होने पर स्थानान्तरण/ प्रतिनियुक्ति द्वारा, इन दोनों के न होने पर सीधी भर्ती द्वारा।	**पदोन्नति द्वारा** . गेस्टेटनर आपरेटर के ग्रेड से जिसके साथ उक्त ग्रेड में कम से कम तीन वर्ष की सेवा तथा गस्टेटनर मशीन को चलाने में दक्षता हो। स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार/उपक्रमों आदि के कार्यालयों में समकक्ष अथवा समरूप ग्रेडों से।	श्रेणी III डी० पी० सी०	लागू नही होगा

[संख्या 32/8/1/74-प्रशिक्षण]

कु० शान्ता राव, अवर सचिव

New Delhi, 27 June, 1974

G. S. R. 723 —In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Senior Gestetner Operator in Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration, Mussoorie, namely:—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration (Senior Gestetner Operator) Recruitment Rules, 1974.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official gazette.

2. **The number of the post, its classification, scale of pay, method of recruitment, age limit and qualifications** —The number of the post, its classification, the scale of pay attached thereto, the method of recruitment, age limit, qualifications and other matters connected therewith shall be as specified in columns 2—13 of the Schedule hereto annexed.

3. **Disqualification** .— No person—

(a) who has entered into, or contracted, a marriage with a person having a spouse living ; or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted, a marriage with any person, shall be eligible for appointment to the said post ;

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the Personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

4. **Power to relax** .—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may by order for reasons to be recorded in writing relax any of the provisions of these rules in respect of any class or category of persons.

SCHEDULE

Recruitment Rules for the post in Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration, Mussoorie

'Department of Personnel and Administrative Reforms'

(Recruitment Rules for the post of Senior Gestetner Operator)

Name of post	No. of posts	Classification	Scale of pay	Whether selection post or non-selection post	Age limit for direct recruitment	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
Senior Gestetner Operator	one	General Central Class III-Non-Ministerial Non-Gazetted	Rs. 110-3-131	Non-Selection	Between 21-25 years.	(i) Must have passed Matriculation (ii) Must have at least 3 years experience as Gestetner Operator in Government/ Semi Government offices.

Whether age & educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of Probation if any	Method of recuritment whether by direct rectt. or by promotion or transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods	In the case of rectt. by promotion/transfer grades from which promotion to be made	If a DPC exists what is its composition	Circumstances in which UPSC is to be consulted in making recruitment
8	9	10	11	12	13
No.	2 years	By Promotion failing by transfer/deputation, failing both by direct recruitment	**By Promotion** : from the grade of Gestetner Operator with at least 3 years' service in the grade and having proficiency in handling Gestetner machines. **Transfer/Deputation** : from similar or equivalent grades in the offices of Central Government or State Government/ Undertakings etc.	Class III	Not applicable

[No. 32/E/1/74-Trg.]

MISS SHANTA RAO, Under Secy.

नई दिल्ली, 1 जुलाई, 1974

सा० का० नि० 724.—भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग) नियम, 1954 के नियम 4 के उप-नियम (1) तथा उप-नियम (2) के प्रथम परन्तुक के साथ पठित अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, मणिपुर सरकार के परामर्श से भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) विनियम, 1955 में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन विनियमों का नाम भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) सातवाँ संशोधन विनियम, 1974 है।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) विनियम, 1955 की अनुसूची में "मणिपुर-त्रिपुरा" शीर्षक के अधीन, उप-शीर्षक 'मणिपुर सरकार के अधीन पद' में 'राजस्व, भूमि सुधार तथा कर आयुक्त' तथा 'उद्योग निदेशक तथा रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां' प्रविष्टियों के स्थान पर क्रमशः 'राजस्व आयुक्त' तथा 'उद्योग निदेशक' प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जाएंगी।

[सं० 10/6/74-अ० भा० से (2)क]

New Delhi, the 1st July, 1974

G.S.R. 724.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All-India Services Act, 1951 (61 of 1951), read with sub-rules (1), and the first proviso to sub-rule 2, of rule 4 of the Indian Administrative Service (Cadre) Rules, 1954, the Central Government, in consultation with the Government of Manipur hereby makes the following regulations further to amend the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Regulations, 1955, namely:—

1. (1) These regulations may be called the Indian Administrative Service (Fixation of cadre strength) Seventh Amendment Regulations, 1974.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. In the Schedule to the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Regulation, 1955, under the heading "MANIPUR-TRIPURA", under the sub-heading "Post under the Government of Manipur", for the entries "Commissioner for Revenue, Land Reforms and Taxes", and "Director of Industries and Registrar of Cooperative Societies", the entries "Revenue Commissioner" and "Director of Industries" shall be substituted respectively.

[No. 10/6/74-AIS(II)-A]

सा० का० नि० स० 725.—भारतीय प्रशासन सेवा (वेतन) नियम, 1954 के नियम 11 के साथ पठित अखिल भारतीय सेवाएं अधिनियम, 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उप-धारा (1), द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, मणिपुर सरकार के परामर्श से भारतीय प्रशासन सेवा (वेतन) नियम, 1954 में और आगे संशोधन के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम भारतीय प्रशासन सेवा (वेतन) छठा संशोधन नियम, 1974 है।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. भारतीय प्रशासन सेवा (वेतन) नियम, 1954,—

(क) 'अनुसूची III में—क-राज्य सरकारों के अधीन भारतीय प्रशासन सेवा में समय वेतनमान से अधिक वेतन वाले पद, कालम 2 में मणिपुर राज्य से सम्बन्धित प्रविष्टियों में 'राजस्व, भूमि सुधार तथा कर आयुक्त प्रविष्टि के स्थान पर 'राजस्व आयुक्त' प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी'।

(ख) 'अनुसूची III में—ख-राज्य सरकारों के अधीन भारतीय सेवा के वरिष्ठ समय वेतनमान के वेतन वाले पद, (जिनमें समय वेतनमान के अतिरिक्त विशेष वेतन वाले पद भी शामिल है) कालम 2 में मणिपुर राज्य से सम्बन्धित प्रविष्टियों में 'उद्योग निदेशक तथा रजिस्ट्रार सहकारी समितियां' प्रविष्टि के स्थान पर 'उद्योग निदेशक' प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी।'

[सं० 10/6/74-अ० भा० सं०-(2)ख]

एस० हबीबुल्लाह, अवर सचिव।

G.S.R. 725.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All India Services Act, 1951, (61 of 1951), read with rule 11 of the Indian Administrative Service (Pay Rules, 1954, the Central Government, in consultation with the Government of Manipur, hereby makes the following rules further to amend the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954, namely:—

1. (1) These rules may be called the Indian Administrative Service (Pay) Sixth Amendment Rules, 1974.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954,—

(a) in 'Schedule III-A-Posts carrying pay above the time scale in the Indian Administrative Service under the State Governments, in the entries relating to the State of Manipur, in column 2, for the entry "Commissioner for Revenue, Land Reforms and Taxes", the entry "Revenue Commissioner" shall be substituted'.

(b) in 'Schedule III-B-Posts carrying pay in the Senior time scale of the Indian Administrative Service under the State Governments (including posts carrying special pay in addition to pay in the time scale), in the entries relating to the State of Manipur, in column 2, for the entry "Director of Industries and Registrar of Cooperative Societies", the entry "Director of Industries" shall be substituted'.

[No. 10/6/74-AIS(II)-B]

S. HABEEBULLAH, Under Secy.

विधि, न्याय तथा कम्पनी कार्य मंत्रालय

(कम्पनी कार्य विभाग)

विधि बोर्ड

नई दिल्ली, 26 जून, 1974

सा० का० नि० 726.—भारत सरकार, कम्पनी कार्य विभाग की अधिसूचना स० सा० नि० 443 (ङ) तारीख 18 अक्तूबर, 1972 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 1956 (1956 का 1) की धारा 594 की उप-धारा (1) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तथा भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (कम्पनी विधि प्रशासन विभाग) की अधिसूचना सं० सा० नि० आ० 3216 तारीख 4 अक्तूबर, 1957 की अधिसूचना (जिसे इसमें इसके पश्चात् "अधिसूचना," कहा गया है) में आंशिक उपान्तर करते हुए कम्पनी विधि बोर्ड एतद्द्वारा यह निदेश देता है कि मैसर्स हिताची लि० (जिसे इसमें इसके पश्चात् "कम्पनी" कहा गया है) के मामले में, जो एक विदेशी कम्पनी है, उक्त धारा 594 की उप-धारा (1) के खण्ड (क) की अपेक्षायें जैसी कि वे किसी विदेशी कम्पनी के अपने लागू होने के सम्बन्ध में अधिसूचना द्वारा उपान्तरित की गई है, निम्नलिखित अन्य अपवादों तथा उपान्तरों के अध्याधीन रहते हुए लागू होंगी, अर्थात् —

यदि 31-3-1974 व 31-3-1975 के वित्तीय वर्षों की समाप्ति की बाबत कम्पनी भारत में समुचित कम्पनी रजिस्ट्रार को, निम्नलिखित की तीन प्रतियां प्रस्तुत करे तो उक्त धारा 594 की उप-धारा (1) के खण्ड (क) के उपबन्धों का पर्याप्त अनुपालन हुआ समझा जायेगा :—

(क) कम्पनी द्वारा अपने उद्भव देश में विहित प्राधिकारी को प्रस्तुत किये गये विश्व लेखे की प्रतियां,

(ख) कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 592 की उप-धारा (1) के खण्ड (घ) के अधीन भारत में आदेशिका तामील की प्राप्ति के लिए प्राधिकृत व्यक्ति तथा भारत में शासप्राप्त लेखापाल द्वारा सम्यक प्रमाणित भारतीय शाखा द्वारा प्राप्तियों एव वितरणों का विवरण।

(ग) उपरोक्त मद (ख) में वर्णित ढंग से प्रमाणित कम्पनी की भारत में परिसम्पत्तियों एव देनदारियों का विवरण-पत्र

(घ) उपरोक्त मद (ख) में वर्णित व्यक्तियों से इस आशय का एक प्रमाणपत्र कि इस कम्पनी ने भारत में अपने व्यापार की स्थापना से अब तक कोई व्यापार नहीं किया है।

[फा० स० 14/1/74-सी०एल-6]

अशोक नाथ, अवर सचिव।

MINISTRY OF JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS

(Department of Company Law Board)

New Delhi, the 26th June, 1974

G.S.R. 726.—In exercise of the powers conferred by the proviso to sub-section (1) of Section 594 of the Companies Act, 1956 (1 of 1956), read with the Government of India, Department of Company Affairs notification No. G.S.R. 443(E), dated the 18th October, 1972 and in partial modification of the Notification of the Government of India, Ministry of Finance (Department of Company Law Administration) No. S.R.O. 3216, dated the 4th October, 1957 (hereinafter referred to as "the Notification"), the Company Law Board hereby directs that in the case of M/s. Hitachi Limited (hereinafter referred to as "the company") being a foreign company, the requirements of clause (a) of sub-section (1) of the said section 594 as modified in their application to a foreign company by the notification shall apply subject to the following further exceptions and modifications, namely:—

It shall be deemed to be sufficient compliance with the provisions of clause (a) of sub-section (1) of the said section 594 if in respect of the financial years 31-3-1974 and 31-3-1975, the company submits to the appropriate Registrars of Companies in India in triplicate:—

(a) three copies of its world accounts as filed by the company with a prescribed authority in its country of origin;

(b) a statement of receipts and disbursements made by the Indian Branch duly certified by the person authorised to accept service of process in India, on behalf of the company under clause (d) of sub-section (1) of Section 592 of the Companies Act, 1956 and by a Chartered Accountant in India.

(c) a statement of company's assets and liabilities in India certified in the manner as indicated in item (b) above; and

(d) a certificate from the persons mentioned in item (b) above to the effect that the company has not carried on any business in India since establishment of its place of business.

[F. No. 14/1/74-CL.VI]

ASHOK NATH, Under Secy.

(न्याय विभाग)

नई दिल्ली, 1 जुलाई 1974

सा० का० नि० 727.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 4 के उप-नियम (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, विधि, न्याय और कम्पनी-कार्य मंत्रालय में न्याय विभाग में भारत सरकार के उप-सचिव श्री एल० डी० हिन्दी को, एतद् द्वारा, उस अधिकारी के रूप में निर्दिष्ट करती है जोकि 17 जून, 1974 से श्री के० थ्यागराजन, उप-सचिव, न्याय विभाग, के छुट्टी पर चले जाने पर उनकी अनुपस्थिति में केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त किये गये नोटरीज के संबंध में उक्त नियमों के अधीन "सक्षम प्राधिकारी" के कार्यों का निष्पादन करेंगे।

[संख्या 22/37/74-न्याय]

नि० मुकर्जी, सचिव

(Department of Justice)

New Delhi, the 1st July, 1974

G.S.R. 727.—In pursuance of sub-rule (1) of Rule 4 of the Notaries Rules, 1956, the Central Government hereby designates Shri L. D. Hindi, Deputy Secretary to the Government of India in the Department of Justice, Ministry of Law, Justice and Company Affairs, as the officer who will discharge the functions of the Competent Authority under the said Rules in relation to Notaries appointed by the Central Government in the absence on leave of Shri K. Thyagarajan, Deputy Secretary in the Department of Justice, with effect from 17th June, 1974

[No. 22/37/74-Jus.]

N. K. MUKARJI, Secy.

एकाधिकारी तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग

नई दिल्ली, 29 जून, 1974

एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग विनियम, 1974

सा० का० नि० 728.—एकाधिकारी तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 18 और 66 द्वारा अपने को प्रदत्त शक्तियों और इस निमित्त अपने को समर्थ बनाने वाली सभी अन्य शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एकाधिकारी तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग, निम्न-लिखित विनियम बनाता है अर्थात् —

अध्याय 1

साधारण

1. संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ और निर्वचन —(1) इन विनियमों का नाम "एकाधिकारी तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग विनियम, 1974" है और ये विनियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे

(2) इनका विस्तार जम्मू-कश्मीर राज्य के सिवाय सम्पूर्ण भारत पर है।

2. अद्यतन यथा-संशोधित साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (1897 का 10) इन विनियमों के निर्वचन को लागू होगा तथा उन शब्दों और पदों के जो इस अधिनियम में, अद्यतन यथा संशोधित कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) में और इन विनियमों में प्रयुक्त हैं किन्तु परिभाषित नहीं हैं, वे ही अर्थ होंगे जो उस अधिनियम में उनके हैं।

परिभाषाएं

3. इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो —

(क) 'अधिनियम' से एकाधिकारी तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 (1969 का 54) अभिप्रेत है,

(ख) "आवेदक" से रजिस्ट्रार अभिप्रेत है, और अधिनियम की धारा 41 के अधीन किए गए आवेदनों की दशा में इसके अन्तर्गत "कोई अन्य हितबद्ध व्यक्ति" भी है,

(ग) अधिनियम की धारा 41 में निर्दिष्ट "किसी अन्य हितबद्ध व्यक्ति" के अन्तर्गत विनिर्माता प्रदायक, थोक विक्रेता, फुटकर विक्रेता तथा व्यापार, उपभोक्ता और ऐसे वितरणीय व्यापार के कर्मचारी संगम, जिनमें कम से कम पच्चीस व्यक्ति सदस्य हों, भी है ;

(घ) "पीठ" से अधिनियम की धारा 16 की उपधारा (2) के अधीन बनाया गया आयोग का पीठ अभिप्रेत है,

(ङ) "आयोग" से अधिनियम की धारा 5 के अधीन गठित एकाधिकारी तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग अभिप्रेत है,

(च) 'अन्वेषण निदेशक" से अधिनियम की धारा 8 के अधीन नियुक्त अन्वेषण निदेशक अभिप्रेत है,

(छ) 'रजिस्ट्रार" से अधिनियम की धारा 34 के अधीन नियुक्त अवरोधक व्यापारिक करार रजिस्ट्रार अभिप्रेत है,

(ज) "किसी करार के पक्षकार" के अन्तर्गत कोई ऐसा व्यक्ति भी है जिसे अधिनियम के प्रयोजनों के लिए पक्षकार समझा जाए,

(झ) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के उपबंधों को लागू करते समय "न्यायालय" के प्रति निर्देश को आयोग के प्रति निर्देश समझा जाएगा और इसी प्रकार "वादी" या "प्रतिवादी" के प्रति निर्देश को आयोग के समक्ष समुचित पक्षकारों के प्रति निर्देश समझा जाएगा,

(ञ) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के उपबंधों को लागू करते समय "वाद या याचिका" के प्रति निर्देश को अधिनियम के अधीन समुचित कार्यवाहियों के प्रति निर्देश समझा जाएगा,

(ट) 'सचिव" से आयोग द्वारा नियुक्त सचिव अभिप्रेत है और उसके अन्तर्गत उप-सचिव और प्रशासन अधिकारी भी होंगे।

आयोग की भाषा

4. आयोग की कार्यवाहियों का संचालन अंग्रेजी भाषा में होगा।

5. कोई भी ऐसा आवेदन, निर्देश, दस्तावेज या अन्य विषय जो अंग्रेजी भाषा से भिन्न भाषा में हो तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक उसके साथ अंग्रेजी अनुवाद न हो।

6. अंग्रेजी में अनूदित किए जाने के लिए अपेक्षित सभी दस्तावेजों का अनुवाद ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जिसे आयोग द्वारा नियुक्त या अनुमोदित किया जाए

परन्तु किसी ऐसे अनुवाद को जिसके संबंध में कार्यवाहियों के पक्षकार सहमत हों समुचित मामलों में सही अनुवाद के रूप में प्रतिगृहीत किया जा सकेगा।

आयोग का कार्यालय

7. आयोग का केन्द्रीय कार्यालय ऐसे समयों पर खुला रहेगा जैसा अध्यक्ष निदेश दे।

8. यदि किसी कार्य को करने से सम्बद्ध अन्तिम दिन वह दिन हो जब आयोग का कार्यालय बन्द हो और इस कारण से वह कार्य उस दिन न किया जा सकता हो, तो वह अगले दिन, जिस दिन कार्यालय खुला हो, किया जा सकेगा।

9. यदि पर्याप्त हेतुक दर्शित किया जाए तो आयोग किन्हीं कार्यवाहियों के किसी प्रक्रम पर पक्षकारों या उनमें से किसी को समय दे सकेगा और समय-समय पर कार्यवाहियों की सुनवाई को स्थगित कर सकेगा।

10. यदि सुनवाई के लिए नियत किए गए दिन को या किसी अन्य ऐसे दिन को जिस तक सुनवाई स्थगित की जाए पक्षकारों में से कोई उपस्थित नहीं होता तो, कार्यवाहियां, जब तक कि वे आयोग द्वारा स्थगित न की जाएं, इस प्रकार उपस्थित न हुए पक्षकार की अनुपस्थिति में जारी रहेंगी।

आयोग के समक्ष अभिवचन

11. आयोग के समक्ष फाइल किए जाने के लिए अपेक्षित सभी आवेदन, उत्तर, प्रत्युत्तर, अनुपूरक अभिवचन, कागज-पत्र, आदि फुल-स्केप साइज पेपर पर डबल स्पेस में टाइप किए जाएंगे।

दस्तावेजों, कागज-पत्रों आदि का निरीक्षण और उनकी प्रमाणित प्रतियां

12. (1) आयोग के समक्ष की किसी कार्यवाही के किसी पक्षकार को, अधिनियम की धारा 17, 18 और 60 के उपबंधों के अधीन, उस निमित्त उसके द्वारा किए गए किसी ऐसे आवेदन पर, जो सचिव को सम्बोधित किया गया हो, विहित फीसों और प्रभारों का संदाय कर देने पर, मामले में के अभिवचनों और अन्य दस्तावेजों या अभिलेखों का निरीक्षण करने या उनकी प्रतियां प्राप्त करने की अनुज्ञा दी जा सकेगी।

(2) आयोग, अधिनियम की धारा 17, 18 और 60 के उपबंधों के अधीन रहते हुए, ऐसे व्यक्ति के आवेदन पर जो कार्यवाहियों का पक्षकार नहीं है, और अच्छा हेतुक दर्शित किए जाने पर, ऐसे व्यक्ति को, विहित फीसों और प्रभारों का संदाय कर देने पर, ऐसा निरीक्षण करने या ऐसी प्रतियां प्राप्त करने की, जो ठीक पूर्ववर्ती उप-विनियम में उल्लिखित है, अनुज्ञा दे सकेगा।

(3) निरीक्षण केवल आयोग के अधिकारी की उपस्थिति में ही अनुज्ञात किया जाएगा और दस्तावेजों, आदि की प्रतियां लेने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी किन्तु निरीक्षण के नोट लिए जा सकेंगे।

(4) इस विनियम के उप-विनियम (1) या उप-विनियम (2) के अधीन अपेक्षित प्रतियां सचिव, उप-सचिव-प्रशासन अधिकारी या अन्य ऐसे अधिकारी द्वारा जिसे आयोग द्वारा उस निमित्त प्राधिकृत किया जाए, सही प्रतियों के रूप में प्रमाणित की जा सकेंगी।

(5) नकल करने के प्रभारों की गणना ऐसी सामग्री के, जिसमें विवरणों और अंकों का टाइप किया जाना अन्तर्वलित न हो, 200 शब्द के एक पृष्ठ या उसके भाग के लिए एक रुपए की दर पर और जिसमें विवरणों/अंकों का टाइप किया जाना अन्तर्वलित हो, उसके 100 शब्द/अंक के एक पृष्ठ या उसके भाग के लिए एक रुपए की दर पर, की जाएगी। निरीक्षण के लिए फीस की गणना, निरीक्षण के प्रति घंटे के लिए दस रुपए की दर पर, की जाएगी।

आयोग की रिपोर्ट

13. आयोग की प्रत्येक रिपोर्ट पर, यथास्थिति, आयोग या पीठ के सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे और उस पर तारीख डाली जाएगी। आयोग का ऐसा कोई सदस्य जो बहुसंख्या के विचार से विसम्मत हो, अपने कारणों को अलग से अभिलिखित कर सकेगा। केन्द्रीय सरकार को भेजी जाने वाली प्रत्येक रिपोर्ट सरकार को सचिव के हस्ताक्षर से भेजी जाएगी।

विहित समय का बढ़ाया जाना या न्यून किया जाना

14. किसी कार्य को करने के लिए इन विनियमों द्वारा या आयोग के आदेश द्वारा विहित समय को (चाहे वह पहले ही समाप्त हो गया हो या नहीं) आयोग के आदेश द्वारा या, यहां के सिवाय जहां आयोग अन्यथा निदेश दे, पक्षकारों के लिखित करार द्वारा, बढ़ाया या न्यून किया जा सकेगा।

अनुपालन का प्रभाव और ऐसे विषयों को जिनके सम्बन्ध में उपबंध नहीं किया गया है सिविल प्रक्रिया संहिता का लागू किया जाना

15. इन विनियमों की किसी अपेक्षा का अनुपालन करने में असफलता, किन्हीं कार्यवाहियों को तब तक अविधिमान्य नहीं बनाएगी जब तक आयोग ऐसे निदेश न दे, और किसी ऐसे विषय की बाबत जिसके संबंध में इन विनियमों में कोई भी उपबन्ध नहीं किया गया है, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के उपबंध आयोग के समक्ष की कार्यवाहियों को यथावश्यक परिवर्तन सहित वहां तक लागू होंगे जहां तक कि ऐसे उपबंध अधिनियम में या इन विनियमों में अभिव्यक्त रूप से किए गए किन्हीं उपबंधों से असंगत नहीं है।

सूचना या अन्य दस्तावेजों की तामील

16. (1) किसी व्यक्ति पर तामील या उसे परिदत्त किए जाने के लिए अपेक्षित प्रत्येक सूचना या अन्य दस्तावेज पक्षकार को या तामील को प्रतिगृहीत करने के लिए सशक्त उसके अभिकर्ता को सम्बोधित की जाएगी और उसके द्वारा तामील के लिए दिए गए पते पर या उस स्थान पर जहां पक्षकार या उसका अभिकर्ता मामूली तौर पर से निवास करता है या कारबार करता है या अभिलाभ के लिए स्वयं काम करता है रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजी जा सकेगी, तथा सचिव को परिदत्त या फाइल किए जाने के लिए अपेक्षित प्रत्येक सूचना या अन्य दस्तावेज आयोग के कार्यालय पर रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजी जा सकेगी पक्षकार या अभिकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने के लिए तात्पर्यित अभिस्वीकृति-पत्र या डाक कर्मचारी द्वारा ऐसा कोई पृष्ठांकन कि पक्षकार या अभिकर्ता ने परिदान लेने से इन्कार कर दिया है, आयोग द्वारा तामील का प्रथमदृष्टया सबूत समझा जाएगा और साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (1897 का 10) की धारा 27 लागू होगी।

(2) व्यापार संगम पर तामील किए जाने के लिए अपेक्षित प्रत्येक सूचना या अन्य दस्तावेज, यदि संगम निगमित निकाय नहीं है तो, संगम के सचिव, प्रबन्धक या अन्य वैसे ही अधिकारी को भेजी जा सकेगी।

(1) यथा स्थिति, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार पर तामील किए जाने के लिए अपेक्षित प्रत्येक सूचना या अन्य दस्तावेज समुचित मंत्रालय या विभाग के सचिव को सम्बोधित की जाएगी और भेजी जाएगी तथा इस विनियम के उप-विनियम (1) में विनिर्दिष्ट रीति में तामील की जाएगी ।

खर्चे

17. (1) ऐसी शर्तों और परिसीमाओं के अधीन रहते हुए, जो विहित की जाएं, सभी कार्यवाहियों के और उनके आनुषंगिक खर्चे आयोग के विवेकानुसार किए जाएंगे और आयोग को यह अवधारित करने की पूर्ण शक्ति होगी कि ऐसे खर्चे किसके द्वारा या किन निधियों में से और किस विस्तार तक संदत्त किए जाने है तथा वह पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए आवश्यक निदेश देगा । यह तथ्य कि किन्ही कार्यवाहियों को ग्रहण करने की आयोग को अधिकारिता नही है, वस्तुत. उसके समक्ष की कार्यवाहियों की आवत खर्चे दिलवाने के लिए शक्ति का प्रयोग करने से वर्जित नही करेगा ।

(2) खर्चे आदेश की तारीख से तीस दिन के भीतर या ऐसे समय के भीतर जैसा कि आयोग, आदेश द्वारा, निदेश दे, संदत्त किए जाएंगे । आयोग के खर्चे दिलवाने वाले आदेश का निष्पादन उसी रीति में किया जाएगा जिसमें कि सिविल न्यायालय के आदेश का किया जाता है और सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के आदेश 21 के उप-बंध ऐसे आदेश के निष्पादन को लागू होंगे ।

कठिनाईयों को दूर करने की शक्ति

18. यदि इन विनियमो के किन्ही उपबंधों को प्रभावी करने में कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो आयोग, साधारण या विशेष आदेश द्वारा, ऐसी कोई बात कर सकेगा जो अधिनियम के उपबंधो से असंगत न हो और उन कठिनाइयो को दूर करने के लिए उसे आवश्यक या समीचीन प्रतीत हो ।

अध्याय 2

अन्वेषण निदेशक के कर्तव्य और कृत्य

प्रारम्भिक अन्वेषण और अन्वेषण निदेशक द्वारा रिपोर्ट

19. (1) अधिनियम की धारा 10 के खण्ड (क) के उपखण्ड (i) के अधीन कोई परिवाद प्राप्त होने पर, आयोग अन्वेषण निदेशक को परिवाद के बारे में जांच करने और रिपोर्ट पेश करने का निदेश देगा ।

(2) आयोग अन्वेषण निदेशक द्वारा निम्नलिखित के बारे मे प्रारम्भिक अन्वेषण करने का आदेश दे सकेगा ।

(क) जब धारा 10 के खण्ड (क) के उपखण्ड (ii) के अधीन या धारा 10 के खण्ड (ख) के अधीन कोई निर्देश प्राप्त हो;

(ख) जब धारा 10 के खण्ड (क) के उपखण्ड (iii) के अधीन रजिस्ट्रार द्वारा आवेदन किया गया हो; और

(ग) जब आयोग अधिनियम की धारा 10 के खण्ड (क) के उप-खण्ड (iv) के अधीन किसी अवरोधक व्यापारिक व्यवहार या अधिनियम की धारा 10 के खण्ड (ख) के अधीन किसी एकाधिकारी व्यापारिक व्यवहार की जांच स्वय अपनी जानकारी या इत्तिला पर, करने का विनिश्चय करे ।

20 आयोग, अन्वेषण निदेशक को प्रारम्भिक अन्वेषण पूरा करने और ऐसे समय के भीतर जो वह नियत करे, रिपोर्ट (पांच प्रतियां) भेजने का निदेश देगा :

परन्तु अन्वेषण निदेशक के निवेदन पर इस प्रकार नियत किए गए समय को आयोग द्वारा समय-समय पर बढ़ाया जा सकेगा ।

अन्वेषण निदेशक की रिपोर्टों का गोपनीय होना

21. (1) अन्वेषण निदेशक की रिपोर्टों और उसके द्वारा एकत्रित की गई किसी अन्य सामग्री या साक्ष्य को गोपनीय समझा जाएगा और इसमें अन्यथा यथा उपबंधित के सिवाय किसी पक्षकार को प्रकट नही किया जाएगा ।

(2) अन्वेषण निदेशक की रिपोर्टों और अन्वेषण निदेशक द्वारा एकत्रित किए गए किसी साक्ष्य या अन्य सामग्री को या ऐसी रिपोर्ट, साक्ष्य या सामग्री के, किसी भाग को, आयोग के विवेकानुसार, किसी जांच के किसी प्रक्रम पर, जांच के प्रयोजनों के लिए अभिलेखबद्ध किया जा सकेगा तथा आयोग अभिलेखबद्ध की गई रिपोर्ट, साक्ष्य या सामग्री के अशो को संबंधित पक्षकारो को समुचित करेगा और इस प्रकार अभि-लेखाबद्ध की गई सामग्री के खण्डन करने का उन्हें अवसर देगा ।

(3) जहां अभिलेखबद्ध की गई अन्वेषण निदेशक की रिपोर्ट या उसके द्वारा एकत्रित किए गए साक्ष्य या सामग्री का किसी पक्षकार द्वारा खंडन किए जाने का निवेदन किया गया हो वहां वह उत्तर देने का हकदार होगा ।

अन्वेषण निदेशक की रिपोर्ट पर कार्रवाई

22. (1) जहां, विनियम 20 के अधीन प्रस्तुत की गई अन्वेषण निदेशक की रिपोर्ट का परिशीलन करने पर, आयोग की यह राय हो कि जांच करने के लिए कोई प्रथमदृष्टया मामला नही है वहां आयोग कार्य-वाहियों को, आदेश द्वारा बन्द कर सकेगा । ऐसी दशा में आयोग ऐसा विनिश्चय करने से पूर्व, निर्देश या निवेदन करने वाले परिवादी या प्राधिकारी की सुनवाई करेगा ।

(2) जहां विनियम 20 के अधीन प्रस्तुत की गई अन्वेषण निदेशक की रिपोर्ट का परिशीलन करने, पर आयोग यह समझता है कि और अन्वेषण करना आवश्यक है, वहां वह अन्वेषण निदेशक को ऐसा और अन्वेषण, करने का जैसा आयोग आवश्यक समझे, तथा और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निदेश दे सकेगा ।

23. जहां, यथास्थिति, विनियम 20, या विनियम 22 के उप-विनियम (2), या दोनों के अधीन प्रस्तुत की गई अन्वेषण निदेशक के रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात आयोग की यह राय हो कि किसी अवरोधक व्यापारिक व्यवहार के बारे में जांच की जाये, वहां यह ऐसा आदेश देगा और ऐसी जांच इन विनियमों के अध्याय 9 में विहित प्रक्रिया के अनुसार की जाएगी ।

24. जहां, यथास्थिति, विनियम 20, या विनियम 22 के उप-विनियम (2), या दोनों, के अधीन प्रस्तुत की गई अन्वेषण निदेशक की रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात, आयोग की यह राय हो कि धारा 10 के खण्ड (ख) के अधीन किसी एकाधिकारी व्यापारिक व्यवहार की जांच, स्वयं उसकी जानकारी या इत्तिला पर की जाए, वहां विनियम 36 मे यथा विहित प्रक्रिया यथावश्यक परिवर्तन सहित, अपनाई जाएगी ।

अन्वेषण निदेशक के साधारण कर्तव्य

25. (1) यदि अन्वेषण निदेशक ने या आयोग के किसी अधिकारी ने ऐसे मामलों में प्रारम्भिक अन्वेषण या अध्ययन अथवा अन्वेषण किया हो, तो अन्वेषण निदेशक धारा 10 के खण्ड (क) के उपखंड (iii) के अधीन संस्थित की गई जांचो से भिन्न उन सभी जांचो मे, जो अधिनियम के अध्याय 4 और 6 के अधीन संस्थित की गई हो तथा धारा 10 के खण्ड (क) के उपखंड (iii) के अधीन संस्थित की गई सभी कार्यवाहियों मे भी हाजिर होने के लिए हकदार होगा .

परन्तु धारा 10 के खण्ड (क) के उपखंड (iii) के अधीन संस्थित जांचो में हाजिर होने का अन्वेषण निदेशक का अधिकार केवल उन्ही मामलो तक रहेगा जो उसके द्वारा या आयोग के किसी अन्य अधिकारी द्वारा किए गए प्रारम्भिक अन्वेषण या अध्ययन अथवा अन्वेषण में उठते हैं ।

(2) जहां अन्वेषण निदेशक हाजिर होने के लिए हकदार हो वहा वह स्वयं हाजिर हो सकेगा या उसका ऐसे अन्य अधिकारियों द्वारा, जिन्हे वह नामनिर्दिष्ट करे, प्रतिनिधित्व किया जा सकेगा और/या उसका इस निमित्त सम्यक, रूप से प्राधिकृत काउन्सेल द्वारा प्रतिनिधित्व किया जा सकेगा ।

26. निदेशक, आयोग द्वारा अपने को न्यस्त किए गए किसी अन्वेषण को अपनी ओर से संचालित करने के लिए अपने किसी अधीनस्थ अधिकारी को प्राधिकृत कर सकेगा ।

अध्याय 3

अवरोधक व्यापारिक करार रजिस्ट्रार के कर्तव्य और कृत्य

27. (1) रजिस्ट्रार, अवरोधक व्यापारिक करारो का एक रजिस्टर केन्द्रीय सरकार द्वारा विहित प्ररूप और रीति में रखेगा और वह उन सभी करारों के ब्यौरे जिनका अधिनियम की धारा 33 के अधीन रजिस्ट्रीकरण अपेक्षित हो, प्राप्त होने ही रजिस्टर में प्रविष्ट करेगा ।

(2) रजिस्ट्रार, अधिनियम की धारा 36 की उप-धारा (2) के अधीन रजिस्टर का एक विशेष अनुभाग रखेगा और उसमें निम्नलिखित विशिष्टियां प्रविष्ट करेगा :—

(क) करार की तारीख,

(ख) करार की विषय-वस्तु और उसके निबन्धन,

(ग) संविदाकारी पक्षकारों के नाम और पते, और

(घ) अधिनियम की धारा 36 की उपधारा (2) या धारा 36 की उपधारा (3) के अधीन विशेष अनुभाग में प्रविष्ट करने के लिए आयोग द्वारा निर्दिष्ट विशिष्टिया ।

(3) रजिस्ट्रार, रजिस्टर के विशेष अनुभाग में प्रविष्ट करने के लिए आरक्षित करारो से भिन्न सभी करारो के सभी पक्षकारो के नामों की वर्णानुसार अनुक्रमणिका रखेगा । ऐसे प्रत्येक पक्षकार की बाबत अलग-अलग फोल्डर रखे जाएंगे और फोल्डरो को क्रमानुसार सांख्यिकित किया जाएगा । अधिनियम के अधीन फाइल की गई दस्तावेजो और अन्य करार, प्रथम संविदाकारी पक्षकार के नाम के अनुसार, यथापूर्वोक्त अलग-अलग फोल्डरों मे रखे जाएंगे । अन्य संविदाकारी पक्षकारों के लिए भी एक फोल्डर रखा जाएगा और ऐसे करार के अधीन सम्पृक्त अन्य पक्षकारों से सम्बद्ध फोल्डरों में, यह फोल्डर उपदर्शित करते हुए जिसमें ऐसी दस्तावेजें हैं, साथ ही साथ तत्सम्बन्धी प्रविष्टि की जाएगी ।

28 रजिस्ट्रार ऐसे करारों के अन्तर्गत आने वाली वस्तुओं या सेवाओं के अनुसार उनकी एक वर्णानुसार-अनुक्रमणिका, राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण के अनुसार रखेगा ।

29 जहां करारो के रजिस्टर मे रजिस्ट्रार को उपलब्ध जानकारी के आधार पर, रजिस्ट्रार की यह राय हो कि किन्ही माल या सेवाओं की बाबत अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अभिभावी है वहां उसका यह कर्तव्य होगा कि वह अधिनियम की धारा 10 के खण्ड (क) के उपखंड (iii) के अधीन आयोग को आवेदन करें ।

अधिनियम की धारा 36 (3) के अधीन आवेदन

30. जहां कोई पक्षकार अधिनियम की धारा 36 की उप-धारा (3) के अधीन आवेदन करता है वहा रजिस्ट्रार, उस मामले के सिवाय जिसमें वह उसका निपटारा आयोग द्वारा दिए गए किन्ही साधारण निदेशों के अनुरूप करता है, आयोग को वह आवेदन, उसकी तीन अतिरिक्त प्रतियो सहित, प्रस्तुत करेगा और उसके आदेश प्राप्त करेगा ।

31 जहां कोई आवेदन, अधिनियम की धारा 36 की उपधारा (3) के अधीन रजिस्ट्रार को प्राप्त होता है और उसकी यह राय है कि इसका निपटारा आयोग द्वारा दिए गए साधारण निदेशों के अनुरूप किया जा सकता है, वहां वह आवेदक को, अपने मामले का अभ्यावेदन करने के लिए, ऐसा अवसर देगा जो वह आवेदन का निपटारा करने के लिए आवश्यक समझे ।

32. अधिनियम की धारा 36 की उप धारा (3) के अधीन रजिस्ट्रार के समक्ष फाइल किए गए आवेदनों के साथ उनकी पांच अतिरिक्त प्रतिया होंगी ।

33 जहां रजिस्ट्रार, धारा 36 की उपधारा (3) के अधीन किसी आवेदन का निपटारा करने के लिए आयोग के किन्ही विशेष निदेशों की वांछा करता है, वहां वह उस आशय का एक आवेदन करेगा और उस आवेदन में ऐसी जानकारी देगा और उसके साथ ऐसे दस्तावेज और कागज पत्र होगे जो नीचे वर्णित है :—

(क) निदेश जिनके प्राप्त करने के लिए निवेदन किया गया ;

(ख) संबंधित पक्षकार के आवेदन की प्रति (चार प्रतियों मे) ;

(ग) करार की प्रति (चार प्रतियों में); और

(घ) आवेदन के सम्बन्ध मे रजिस्ट्रार की टीका टिप्पणिया ।

34 जहां रजिस्ट्रार, धारा 36 की उपधारा (3) के अधीन आयोग को किसी पक्षकार के आवेदन को उसका निपटारा आयोग के विशेष निदेशों द्वारा किया जाने के लिए प्रस्तुत करता है, वहां यदि आयोग यह आवश्यक समझे तो वह आवेदक को आयोग के समक्ष अपने मामले का ऐसी रीति में जो आयोग निर्दिष्ट करे, अभ्यावेदन करने का अवसर देगा । ऐसी कार्यवाहियों में रजिस्ट्रार को सुना जाएगा और इस प्रयोजन के लिए सुनवाई की तारीख के बारे में उसको भी सूचना भेजी जाएगी ।

अध्याय 4

आयोग के अधिकारियो द्वारा जांच और अन्वेषण

35(1). विनियम 19, 20, 21 और 22 के उपबंधो पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, आयोग, किसी भी समय, अन्वेषण निदेशक को या अपने किसी एक या अधिक अधिकारियों को यह निदेश दे सकेगा कि वह/वे ऐसे किन्ही व्यापारिक व्यवहारों के बारे में जो किसी व्यापार में विद्यमान एकाधिकारी या अवरोधक व्यापारिक व्यवहारो को गठित करे या उनमें योगदान करे या जिनके बारे मे यह अभिकथन है कि वे किसी उत्पादक, वितरक या व्यवहारी अथवा उत्पादकों, वितरकों या

व्यवहारियों के समूह द्वारा किए जा रहे हैं अथवा अधिनियम के अध्याय 3, 4 और 6 या धारा 61 के अधीन किसी आवेदन या निर्देश की बाबत अध्ययन और अन्वेषण करे/करें तथा रिपोर्ट या जानकारी दे/दें, और इस प्रयोजन के लिए आयोग अन्वेषण निदेशक या आयोग के ऐसे अधिकारी या अधिकारियों का कोई ऐसा निर्देश दे सकेगा जिन्हें वह ठीक समझे और वह समय नियत करेगा जिसके भीतर रिपोर्ट या जानकारी दी जाएगी। यदि कोई ऐसी रिपोर्ट या जानकारी आयोग को अपर्याप्त प्रतीत हो, तो आयोग अतिरिक्त या अनुपूरक रिपोर्ट या जानकारी के लिए निर्देश दे सकेगा।

(2) अन्वेषण निदेशक या आयोग के ऐसे अधिकारी या अधिकारियों के रिपोर्टों अथवा उसके या उनके द्वारा दी गई जानकारी और उसके या उनके द्वारा एकत्रित की गई अन्य सामग्री या साक्ष्य को गोपनीय समझा जाएगा तथा उन्हें/उसे इसमें इसके पश्चात अन्यथा यथा उपबन्धित के सिवाय किसी पक्षकार का प्रकट नहीं किया जाएगा।

(3) अन्वेषण निदेशक या आयोग के ऐसे अधिकारी या अधिकारियों की रिपोर्टों अथवा उनके या उनके द्वारा दी गई जानकारी, और उनके या उनके द्वारा एकत्रित किए गए किसी साक्ष्य या अन्य सामग्री को अथवा ऐसी रिपोर्ट, जानकारी साक्ष्य या सामग्री के किसी भाग को, आयोग के विवेकानुसार, किसी जांच के किसी प्रक्रम पर, जांच के प्रयोजनों के लिए अभिलेखबद्ध किया जा सकेगा।

अध्याय 5

अध्याय 3 और 4 के अधीन सरकार द्वारा निर्देश के लिए प्राक्रिया अधिनियम की धारा 21, 22 23, 27 और 31 के अधीन निर्देश

36. (1) जहां कोई निर्देश अधिनियम की धारा 21, 22, 23, 27 और 31 के अधीन केन्द्रीय सरकार से आयोग को प्राप्त हो वहां आयोग निर्देशों से संबंधित संक्षिप्त विशिष्टियां अधिसूचना के रूप में ऐसे दैनिक समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में जिन्हें वह उचित समझे, प्रकाशित कर सकेगा जिनमें प्रस्थापना के बारे में ऐसी अवधि के भीतर जो अधिसूचना में उल्लिखित की जाए, टिप्पणियां मांगी जाएंगी। टिप्पणियां चार प्रतियों में भेजी जाएंगी और टिप्पणियां भेजने वाला व्यक्ति यह कथित करेगा कि वह अधिसूचित प्रस्थापना से संबंधित आयोग के समक्ष होने वाली लोक सुनवाई में भाग लेना चाहता है।

(2) अधिनियम की धारा 27 के अधीन निर्देशों की दशा में, आयोग ऐसे अन्वेषण के पश्चात जो वह ठीक समझे, अपनी अन्तिम राय बनाएगा। तत्पश्चात वह संबंधित उपक्रम/उपक्रमों को निर्देश और अपनी अन्तिम राय की एक प्रति देगा। संबंधित उपक्रम ऐसे समय के भीतर जो आयोग प्रत्येक मामले में नियत करे, अन्तिम राय की बाबत अपने आक्षेपों और/या सुझावों का एक कथन फाइल करेगा/करेंगे।

(3) धारा 31 के अधीन निर्देशों की दशा में, आयोग संबंधित क्रमों को निर्देश का सार देगा और ऐसे उपक्रम/उपक्रमों को निर्देश की विषय-वस्तु के बारे में अपने लिखित कथन यदि कोई हो, चार प्रतियों में, सूचना की प्राप्ति से चौदह दिन के भीतर, भेजने की अनुशा देगा।

(4) आयोग आवेदक, संबंधित सरकारी विभागों और ऐसे अन्य पक्षकारों का पता लिख सकेगा जिनसे ऐसी विशिष्टियां और जानकारी मांग सकेगा जो आयोग की राय में आयोग को प्राप्त हुए निर्देश से सुसंगत हो। आयोग को ऐसे पत्रों के उत्तर चार प्रतियों में दिये जाएंगे

(5) आयोग आवेदक, संबंधित उपक्रम/उपक्रमों, किसी सरकारी पदधारी और किसी अन्य व्यक्ति को एक विचार विमर्श करने के लिए बुला सकेगा जो वह जांच के लिए आवश्यक समझे।

(6) आयोग ऐसे स्थापनों का जिनके अन्तर्गत आवेदक या संबंधित उपक्रम/उपक्रमों के भी स्थापन हैं दौरा कर सकेगा और उनके प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श कर सकेगा यदि आयोग की राय में ऐसे दौरे और विचार-विमर्श जांच के लिए उपयोगी हों।

(7) आयोग निर्देशों से सुसंगत जांचों और विचार-विमर्श के लिए अपने ऐसे अधिकारियों और कर्मचारीवृन्द को ऐसे स्थापनों पर ऐसे व्यक्तियों से मिलने के लिए प्रतिनियुक्ति कर सकेगा जो वह उचित समझे और वह ऐसे अधिकारियों की रिपोर्टों पर विचार कर सकेगा।

(8) आवेदक के संबंधित उपक्रम की, उन व्यक्तियों को जिन्होंने अपनी टिप्पणियां भेजी हैं और अपनी यह इच्छा अभिव्यक्त की है कि लोक सुनवाई में भाग लेना चाहते हैं और ऐसे अन्य व्यक्तियों को, जिन्हें आयोग अवधारित करे, लोक सुनवाई की तारीख के बारे में, सुनवाई के लिए नियत की गई तारीख से 21 दिन अपर्याप्त सूचित किया जाएगा। वे व्यक्ति जिन्होंने अपनी टिप्पणियां और यह सूचना भेजी है कि वे लोक सुनवाई में भाग लेना चाहते हैं आयोग के पास लोक सुनवाई की तारीख से कम से कम 10 दिन पूर्व एक कथन फाइल करेंगे जिसमें वे प्रस्तुतवाद होंगे जो वह लोक सुनवाई में कहना चाहता है।

(9) अधिनियम की धारा 17 और 18 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, आयोग उन व्यक्तियों की सुनवाई करेगा जिनको ठीक पूर्ववर्ती उप-विनियम के अधीन लोक सुनवाई की सूचना भेजी गई है। यदि आयोग आवश्यक समझे तो साक्षियों की, जिनके अन्तर्गत उस क्षेत्र के विशेषज्ञ भी है, परीक्षा कर सकेगा। उन व्यक्तियों की जिनकी इस प्रकार परीक्षा की गई है, आयोग के विवेकानुसार ऐसे किसी पक्षकार द्वारा जिसको लोक सुनवाई की सूचना दी गई है, प्रतिपरीक्षा की जा सकेगी।

(10) इस विनियमन के अधीन आयोग द्वारा की जाने वाली किसी जांच में, केन्द्रीय सरकार इस बात के लिए हकदार होगी कि उसका प्रतिनिधित्व ऐसे अधिकारी द्वारा किया जाए जिसे वह प्रतिनियुक्त करे। संबंधित पक्षकारों को या तो स्वयं सुना जा सकेगा या उनका प्रतिनिधित्व उनकी ओर से कार्य करने के लिए उनके द्वारा विनिर्दिष्ट रूप से प्राधिकृत किसी काउन्सेल द्वारा किया जा सकेगा।

अध्याय 6

अधिनियम की धारा 10 (ख) और 37 (4) के अधीन जांच

37. (1) जहां आयोग की यह राय हो कि एकाधिकारी व्यापारिक व्यवहार की जांच अधिनियम की धारा 10 के खण्ड (ख) के अधीन स्वयं अपनी जानकारी या हलफिया पर की जाएगी, वहां धारा 31 के अधीन निर्देशों के लिए इन विनियमों के अध्याय 5 के अधीन विहित प्रक्रिया ऐसी जांच संचालन करने के लिए यथावश्यक परिवर्तन सहित अपनाई जा सकेगी।

(2) जहां अधिनियम की धारा 37 की उपधारा (1) के अधीन किसी जांच के दौरान आयोग को ऐसा प्रतीत हो कि जिस उपक्रम के बारे में जांच की जा रही है वह एकाधिकारी उपक्रम है वहां, यदि वह ऐसे अन्वेषण/जांच के पश्चात् जो वह ठीक समझे, इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि (क) वह उपक्रम एक एकाधिकारी उपक्रम है, और (ख) वह उपक्रम एकाधिकारी व्यापारिक व्यवहारों में लगा हुआ है तो, वह सम्बन्धित उपक्रम को नोटिस जारी कर सकेगा जिसमें अपने इस आशय की सूचना देगा कि वह मामले का अधिनियम की धारा 37 की उपधारा (4) के अधीन किन्हीं एकाधिकारी व्यापारिक व्यवहारों के बारे में अपने निष्कर्षों सहित केन्द्रीय सरकार को पेश करे। इन उपबन्धों को कार्यान्वित करते

समय इन विनियमों के अध्याय 9 के अधीन विहित प्रक्रिया यथावश्यक परिवर्तन सहित अपनाई जाएगी।

अध्याय 7

अधिनियम की धारा 24 के अधीन परामर्श और धारा 61 के अधीन रिपोर्ट

38. जहां केन्द्रीय सरकार आयोग से यह अपेक्षा करती है कि वह धारा 61 के अधीन रिपोर्ट दे या वह धारा 24 के अधीन उससे परामर्श करती है, वहां आयोग, अपनाई जाने वाली प्रक्रिया प्रत्येक मामले की परिस्थितियों के अनुसार विनिश्चित कर सकेगा। ऐसे मामलों में रिपोर्ट करने के लिए आयोग ऐसे विशेषज्ञ कार्मिक, जो वह आवश्यक समझे, नियोजित कर सकेगा।

अध्याय 8

न्यूनतम पुनः विक्रय पर की कीमत को बनाए रखना (छूट) आवेदन

39. वह रजिस्ट्रार या ऐसा कोई अन्य हितबद्ध व्यक्ति जो धारा 39 और 40 के प्रवर्तन से छूट के लिए धारा 41 के अधीन आयोग को निर्देशित करना चाहे, लिखित में आवेदन करेगा जिसमें स्पष्ट रूप से निम्नलिखित कथित करेगा :—

(क) आवेदक द्वारा दावाकृत हित की प्रकृति जिसके कारण निर्देश करने का वह हकदार हुआ है;

(ख) माल का वह वर्ग जिससे वह सम्बन्धित है जिसमें उप-वर्ग, यदि कोई हो, उपदर्शित किया जाए;

(ग) वह/वे व्यापार नाम, या व्यापार चिह्न जिसके/जिनके द्वारा माल बाजार में पहचाना जाता है;

(घ) उस वर्ग के माल में, जिसके लिए आयोग के समक्ष आवेदन किया गया है, व्यवहार करने वाले अन्य व्यक्तियों के नाम और पते जहां तक कि आवेदक ऐसी जानकारी संग्रह कर सकता है;

(ङ) धारा 41 की उपधारा (1) का/के वह/वे खण्ड जिस/जिन पर किए गए आवेदन के लिए निर्भर किया गया है और उसके समर्थन में कारण।

40. आवेदन, उसमें वर्णित तथ्यों से सम्बन्धित साक्ष्य द्वारा समर्थित किया जाएगा और विनियम 57 में विहित रीति में सत्यापित किया जाएगा।

41. जहां एक ही प्रकार का वर्ग के ऐसे माल में, जिसके लिए अधिनियम की धारा 41 के अधीन छूट मांगी गई है, एक से अधिक व्यक्ति व्यवहार करते है वहां आवेदन ऐसे व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जा सकेगा

42. ऐसे कई वर्गों के माल के लिए, जो बहुत सम्बन्धित प्रतीत होते है एक सामान्य आवेदन किया जा सकेगा। किन्तु यदि सामान्य आवेदन पर विचार करने पर आयोग की यह राय हो कि अलग-अलग आवेदन आवश्यक या वांछनीय है तो वह आवेदकों को अलग-अलग आवेदन करने के लिए कह सकेगा।

43. जहां एक से अधिक वर्गों के माल की बाबत जो बहुत सम्बन्धित नहीं है छूट मांगी गई है, वहां प्रत्येक वर्ग के माल की बाबत अलग-अलग आवेदन किया जाएगा।

सूचना आदि का जारी किया जाना

